Title: Need to provide financial assistance to Government of U.P. for Construction of a bridge on river Ghaghra at Vidaharghat-Laid.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र खलीलाबाद का दक्षिणांचल पूर्व में गोरखपुर, आजमगढ़ व अम्बेडकरनगर आदि जनपदों के मेन मार्ग को छूता है, जो वाराणसी, जौनपुर से चल कर भगवान बुद्ध की नगरी लुम्बनी तक का सीधा पथिक मार्ग है, किन्तु बीच में घाघरा नदी के विडहर घाट पर पुल न होने से आम आवाम को पूरव से बडहलगंज या पश्चिम अयोध्या जाने में सैंकड़ों कि.मी. अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। जिस पर पुल बनाने हेतु स्थानीय जनता ही नहीं, अपितु मऊ, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर जनपद की जनता भी वर्षों से मांग करती रही है।

आपके आश्वासन व आशीर्वाद पर मैं अपने क्षेत्र की जनता से उक्त पुल का निर्माण कराने का आश्वासन/घोाणा कर चुका हूं। भगवान बुद्ध के पथिक मार्ग वाराणसी से लुम्बनी को सीधा जोड़ने हेतु जनहित में घाघरा नदी के विडहर घाट तक पुल निर्माण कराने का आदेश देकर, हमें कोटी-कोटी धन्यवाद देने का अवसर प्रदान करने की कृपा करें। इसके लिए आवश्यक धन निर्गत किया जाये।